# देश के कई राज्यों में लू का कहर

## उत्तर भारत में गर्मी से लोग बेहाल, पश्चिमी विक्षोभ से बदलेगा मौसम

**नई दिल्ली , 27 अप्रैल. देशभर में इस समय भीषण गर्मी का असर देखने को मिल रहा है. नई दिल्ली से लेकर उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान और हरियाणा तक उत्तर भारत के अधिकांश हिस्से लू और तेज गर्मी की चपेट में हैं. हालांकि, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आने वाले दिनों में राहत के संकेत दिए हैं.**

दिल्ली-एनसीआर में तेज गर्म हवाएं चलने की संभावना है, जहां अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक पहुंच सकता है. फिलहाल यहां बारिश के आसार नहीं हैं. वहीं उत्तर प्रदेश में 27 अप्रैल तक लू का असर जारी रहेगा, लेकिन 28 अप्रैल से मौसम में बदलाव होने की संभावना है. पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कई जिलों में गरज-चमक, तेज हवाएं और बारिश हो सकती है. बिहार के कई जिलों मुजफ्फरपुर, दरभंगा, पूर्णिया और भागलपुर में 27-28 अप्रैल को बारिश और तेज आंधी का अलर्ट जारी किया गया है. इस दौरान हवाओं की रफ्तार 55 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है. राजस्थान में बाड़मेर और जैसलमेर जैसे क्षेत्रों में तापमान 46 डिग्री तक पहुंच चुका है, जबकि 28 से 30 अप्रैल के बीच हल्की बारिश की संभावना जताई गई है. हरियाणा के भिवानी, फरीदाबाद और सोनीपत में भी आंधी-बारिश का अलर्ट है, जिससे तापमान में 3-4 डिग्री की गिरावट आ सकती है. वहीं मध्य प्रदेश में गर्मी का प्रकोप चरम पर है. खजुराहो में तापमान 45 डिग्री तक पहुंच गया है, जबकि भोपाल, इंदौर और जबलपुर में भी रिकॉर्ड टूटे हैं. कई जिलों में लू और गर्म रातों ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है. मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में कुछ क्षेत्रों में राहत जरूर मिलेगी, लेकिन फिलहाल गर्मी से पूरी तरह राहत मिलने के आसार कम हैं.

▶ **कुछ इलाकों में पारा 45 से 46 डिग्री पार**




### एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक आज

# राजनाथ सिंह करेंगे भारत का नेतृत्व

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को किर्गिज़स्तान के बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन ( एससीओ ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में एक उच्च-स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे. बैठक के दौरान विभिन्न सदस्य देशों के रक्षा मंत्री क्षेत्र की रक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े अनेक मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे.**

अंतरराष्ट्रीय शांति, आतंकवाद-रोधी प्रयासों तथा एससीओ सदस्य देशों के बीच रक्षा सहयोग से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की जाएगी. इस वर्ष की एससीओ बैठक पश्चिम एशिया की स्थिति के कारण उत्पन्न हो रही भू-राजनीतिक अस्थिरता की पृष्ठभूमि में आयोजित हो रही है. क्षेत्र के सबसे बड़े राजनीतिक एवं आर्थिक संगठनों में से एक एससीओ इस संघर्ष के प्रभाव को कम करने के उपायों पर भी चर्चा कर सकता है. रक्षा मंत्री वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच वैश्विक शांति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करेंगे और आतंकवाद एवं उग्रवाद को कतई बर्दाश्त न करने के भारत के दृढ़ रुख को दोहराएंगे.



बैठक के दौरान श्री सिंह कुछ भाग लेने वाले देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी कर सकते हैं. एससीओ एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसकी स्थापना 15 जून, 2001 को चीन के शंघाई में हुई थी. इसके सदस्य देशों में भारत, रूस, चीन, कज़ाख़स्तान, किर्गिजस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, ईरान और बेलारूस शामिल हैं. भारत 2017 में इसका पूर्ण सदस्य बना और 2023 में इसकी अध्यक्षता संभाली.

# हम महात्मा गांधी के सत्याग्रह को अपनाएंगे

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल.** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा की अदालत में चल रहे अपने मामले में पेश नहीं होने और ना कोई दलील रखने का फैसला किया है.

श्री केजरीवाल ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा से न्याय मिलने की मेरी उम्मीद टूट चुकी है. अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों को मानते हुए और सत्याग्रह की भावना के साथ, मैंने इस मामले में उनके सामने पेश नहीं होने का फैसला किया है. उन्होंने कहा, मैंने हितों के टकराव के कारण न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा को मेरे मामले में खुद से हटने का अनुरोध किया था, लेकिन उन्होंने ने स्वयं ही सुनने का फैसला दिया. इस मामले में न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा जो भी फैसला सुनाएंगी, उस पर मैं अपने कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए स्वतंत्र हूं.



### केजरीवाल ने सांसद से मांगा इस्तीफा

आम आदमी पार्टी से अलग होकर भाजपा में शामिल हुए राज्यसभा सांसद विक्रमजीत सिंह ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि अरविन्द केजरीवाल ने उन्हें सांसद पद से इस्तीफा देने की सलाह दी थी. यह बयान ऐसे समय आया है जब पार्टी से सात सांसदों के अलग होने के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है. साहनी के मुताबिक, 22 अप्रैल को हुई एक बैठक में केजरीवाल ने उनसे पूछा कि क्या उन पर कोई दबाव है.

## फर्रुखाबाद में तालाब में गिरने से नशेड़ी की मौत

**फर्रुखाबाद.** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के कमालगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को धक्का देकर तालाब में गिरे एक नशेड़ी युवक की मौत हो गई.पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम देवघरापुर निवासी आदेश राजपूत (40) शराब पीने का आदी था. आज आदेश राजपूत ने, पड़ोसी गांव नगरिया में एक ग्रामीण के साथ कच्ची शराब पी और किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ।इस दौरान उस ग्रामीण ने,आदेश को धक्का दिया ,जिससे गहरे तालाब में गिर गया और ज्यादा नशा होने पर तालाब में डूब गया.इधर घटना की जानकारी मिलते ही परिजन एवं पुलिस मौके पर पहुंचे।

# सचिव पद के लिए चुने गए अधि. गुल्हाने

## प्रकाश जायसवाल 74 वोटों से जीत दर्ज फिर बने अध्यक्ष

**नागपुर, 27 अप्रैल.** कार्यालय प्रतिनिधि. इस वर्ष जिला वकील संघ (डीबीए) के अध्यक्ष पद के चुनाव में कड़ी टक्कर के बीच पूर्व अध्यक्ष अधि. प्रकाश जायसवाल ने पूर्व सचिव अधि. नितीन देशमुख को मात्र 74 वोटों से हराकर दूसरी बार अध्यक्ष बनने का गौरव हासिल किया. वहीं सचिव पद के चुनाव में अधि. अनिल गुल्हाने ने 407 वोटों से एकतरफा जीत दर्ज की.

अध्यक्ष पद के चुनाव में जायसवाल को 1218, अधि. नितिन देशमुख को 1144, अधि. मनोज साबले को 324, अधि. नायक को 62, अधि. तरुण परमार को 42 और अधि. सुनील लाचरवार को 32 वोट मिले. शुरुआत से ही अध्यक्ष पद के लिए जायसवाल और देशमुख ही प्रबल दावेदार थे. दोनों के बीच कांटे की टक्कर थी. आखिर 74 वोटों की बढ़त के बाद जायसवाल ने जीत हासिल की. वहीं सचिव पद के लिए अधि. अनिल गुल्हाने, अधि. अमित बंड और अधि. आशीष शेंडे के बीच त्रिकोणीय मुकाबला था लेकिन गुल्हाने ने मानो एकतरफा जीत हासिल की.

### ▶ जीत की खबर सुन भावुक हुए जायसवाल

प्रकाश जायसवाल ने फिर से मजबूती से चुनाव लड लड़ा और कड़े मुकाबले में जीत हासिल की. जीत की खबर मिलते ही वे भावुक हो गए और उनकी आंखों से आंसू निकल पड़े. विजयी उम्मीदवार के जुलूस के दौरान नाचते समय अधि. विलास राऊत को दिल का दौरा पड़ गया. अचानक उनकी हालत खराब हो गई और सभी सकते में आ गए.



### आज का इतिहास

- 1740 – मराठा साम्राज्य का महान सेनानायक बाजीराव प्रथम का निधन.
- 1791 – महाराजा रणजीत सिंह के सेनाध्यक्ष हरि सिंह नलवा का जन्म.
- 1910 – इंग्लैंड में क्लोड ग्राहम वाइट नाम के पायलट ने पहली बार रात में विमान उड़ाया.
- 1937 – इराक के तानाशाह सद्दाम हुसैन का जन्म.
- 1943 – नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जर्मनी से जापान की अपनी यात्रा के दौरान मेडागास्कर के निकट एक जर्मन पनडुब्बी से जापानी पनडुब्बी में सवार हुए.

# चारधाम यात्रा में एलपीजी आपूर्ति बढ़ाने का अनुरोध

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल. उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से चारधाम यात्रा के दौरान व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति 100 प्रतिशत बनाए रखने का अनुरोध किया है.**

धामी ने सोमवार को कर्तव्य भवन स्थित श्री पुरी के कार्यालय में उनसे भेंट की और कहा कि अप्रैल से नवम्बर तक संचालित होने वाली चारधाम यात्रा के दौरान देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु उत्तराखण्ड पहुंचते हैं, जिससे व्यावसायिक एलपीजी की मांग में भारी वृद्धि होती है. इस अवधि में लगभग 9.68 लाख व्यावसायिक सिलेंडरों की आवश्यकता होती है, इसलिए केंद्र सरकार का इस दौरान रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना आवश्यक है.



# पूर्व डीआईजी भुल्लर पर ईडी का छापा

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल. प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) पंजाब पुलिस के पूर्व डी.आई.जी. हरचरण सिंह भुल्लर और अन्य से संबंधित कई स्थानों पर तलाशी अभियान चला रहा है.**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.), भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ए.सी.बी.), चंडीगढ़ ने पूर्व डी.आई.जी. और अन्य के खिलाफ मामले दर्ज किये हैं, उनके आधार पर ही ये कार्रवाई की जा रही है. इन मामलों में आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति और एक आपराधिक मामले के निपटारे के लिए बिचौलिए के माध्यम से अवैध धनराशि की मांग जैसे आरोप शामिल हैं.प्रवर्तन निदेशालय के एक अधिकारी ने कहा कि आरोपी, सहयोगियों और संदिग्ध बेनामीदारों से जुड़े 11 परिसरों (चंडीगढ़-2, लुधियाना जिला-5, पटियाला-2, नाभा-1 और जालंधर-1) में धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 17 के तहत तलाशी ली जा रही है. अधिकारी ने बताया कि तलाशी का उद्देश्य अपराध से अर्जित आय का पता लगाना, बेनामी संपत्तियों की पहचान करना और धन शोधन से संबंधित साक्ष्य एकत्र करना है.



# डॉ. टंडन अंतरिम निदेशक नियुक्त

**नयी दिल्ली, 27 अप्रैल.** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली ने एंडोक्रिनोलॉजी विभाग के प्रमुख एवं डीन (अकादमिक) डॉ. निखिल टंडन को तत्काल प्रभाव से संस्थान का अंतरिम निदेशक नियुक्त किया है. डॉ. एम. श्रीनिवास के नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य बनने के बाद यह व्यवस्था 6 महीने या नियमित नियुक्ति होने तक लागू रहेगी. डॉ. टंडन तब तक अंतरिम निदेशक के रूप में कार्य करते रहेंगे जब तक इस पद पर किसी नियमित व्यक्ति की नियुक्ति नहीं हो जाती.

# गुरुग्राम में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**नई दिल्ली / चंडीगढ़, 27 अप्रैल।** पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने सोमवार को गुरुग्राम में आवासीय भूखंडों के सामने किए गए अतिक्रमण और अन्य निर्माणों को हटाने की प्रशासनिक कार्रवाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश शील नागू और न्यायमूर्ति संजीव बेरी की पीठ ने स्पष्ट किया कि अधिकारी कानून के अनुसार अतिक्रमण हटाने के लिए स्वतंत्र हैं. मुख्य न्यायाधीश नागू ने कहा कि जहां तक नगर निगम के नियमों का सवाल है, उनको चुनौती नहीं दी गई है.

# आखिरी चरण का मतदान नया इतिहास बनाएगा



### हम बंगाल में प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएंगे

**बेहाला, 27 अप्रैल. पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण के तहत 142 सीटों पर होने वाली वोटिंग को लेकर सोमवार शाम चुनाव प्रचार को शोर थम गया . इससे पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में बेहाला पश्चिम में आयोजित रोड शो में हिस्सा लिया.**

उन्होंने कहा कि बंगाल के आखिरी चरण का मतदान नया इतिहास बनाएगा. हर एक वोट परिवर्तन की मजबूत नींव रखेगा और बंगाल में कमल खिलेगा. इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा लगाए गए इस आरोप पर कि भाजपा अपनी रैलियों में भीड़ बढ़ाने के लिए पैसे देकर बाहरी राज्यों से समर्थक ला रही है, पर प्रतिक्रिया दी. मीडिया से बातचीत के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, 'पहले आप रोड शो में इस भीड़ को देखिए, क्या इतनी भीड़ बाहर से आ सकती है? ममता बनर्जी जो आरोप लगा रही हैं, उसमें जरा सी भी सच्चाई नहीं है. उनकी बातों को नहीं सुनना चाहिए.' उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'क्या यार, आप भी ममता बनर्जी की बात सुन रहे हो.'

**पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव**

### ▶ बंगाल में ममता के बयान पर आयोग सख्त

**कोलकाता , 27 अप्रैल.** पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के एक कथित वायरल वीडियो को लेकर विवाद गहरा गया है. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी से तीन दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है. यह वीडियो 26 अप्रैल को कोलकाता के चौरंगी इलाके में आयोजित एक चुनावी रैली का बताया जा रहा है, जिसमें अनुसूचित जाति समुदाय के लिए कथित आपत्तिजनक शब्दों के इस्तेमाल का आरोप है. आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने इसे असंवैधानिक बताते हुए कहा कि एससी समुदाय के सम्मान से समझौता नहीं किया जाएगा. वहीं भारतीय जनता पार्टी ने भी इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया दी है और तृणमूल कांग्रेस पर दोहरे रवैये का आरोप लगाया है. पूरे घटनाक्रम के बाद राज्य में सियासी तनाव बढ़ गया है और यह मुद्दा चुनावी बहस का केंद्र बनता जा रहा है.



### ▶ अमित शाह में गंगासागर में प्रार्थना की

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के गंगासागर में प्रार्थना की और राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा कपिल मुनि आश्रम में महर्षि कपिल की पूजा-अर्चना की।बाद में श्री शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि सब तीर्थ बार-बार, गंगासागर एक बार! गंगा और सागर की संगमस्थली गंगासागर में पूजन-अर्चन का सौभाग्य प्राप्त हुआ. जीवनदायिनी मां गंगा के इस पवित्र तीर्थ पर मन असीम शांति और आध्यात्मिक आनंद से भर गया. मां गंगा देशवासियों पर अपनी कृपा बनाए रखें. अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले हमारे अमर जवानों को आज गंगासागर में श्रद्धापूर्वक पूजन-तर्पण अर्पित किया. अकल्पनीय चुनौतियों और हर बाधा के बीच राष्ट्ररक्षा को सर्वोच्च लक्ष्य मानकर अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सुरक्षा बलों के शौर्य पर हर भारतीय को अभिमान है .जनकल्याण की कामना करते हुए श्री शाह ने कहा कि गंगासागर स्थित कपिल मुनि आश्रम में महर्षि कपिल का पूजन कर देशवासियों के कल्याण की कामना की. ज्ञान, त्याग और तप के प्रतीक ऋषिवर कपिल का जीवन-दर्शन हर देशवासी के लिए प्रेरणादायी है.

### सीसीटीवी लगाने के दिए निर्देश

**कोलकाता, 27 अप्रैल.** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों के दूसरे चरण के लिए 29 अप्रैल को मतदान होना है. चुनाव आयोग ने महत्वपूर्ण या अति-संवेदनशील मतदान केंद्रों तक जाने वाली सड़कों को सीसीटीवी कवरेज के दायरे में लाकर अपनी निगरानी व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने का निर्णय लिया है. मुख्य चुनाव अधिकारी के कार्यालय के एक सूत्र ने बताया कि चुनाव के पहले चरण में पोलिंग स्टेशन के परिसर के अंदर दो सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे. एक पोलिंग रूम के अंदर और दूसरा ठीक उसके बाहर, ताकि पोलिंग स्टेशन परिसर के भीतर चुनावी गड़बड़ियों को रोका जा सके. पहले चरण में पोलिंग स्टेशनों के बाहर मतदाताओं को डराने-धमकाने की कुछ रिपोर्ट मिली थीं. इसलिए, इस बार चुनाव आयोग ने पोलिंग स्टेशनों के बाहर भी सीसीटीवी कैमरे लगाने का फैसला किया है, ताकि पोलिंग स्टेशनों तक जाने वाली अलग-अलग सड़कों पर कड़ी निगरानी रखी जा सके. उन्होंने कहा कि पोलिंग स्टेशनों तक जाने वाली सड़कों पर होने वाली गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कितने सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, यह संबंधित पोलिंग स्टेशनों की संवेदनशीलता पर निर्भर करेगा. पोलिंग स्टेशनों के 100 मीटर के दायरे में गैर-मतदाताओं या उन मतदाताओं के प्रवेश पर रोक रहेगी, जिन्होंने पहले ही अपना वोट डाल दिया है. यहां तक कि जो लोग पोलिंग बूथों पर तैनात चुनाव अधिकारियों के लिए खाना या पानी लेकर जाएंगे, उन्हें भी उन चीजों के साथ पोलिंग बूथ में प्रवेश करने के लिए संबंधित जिला चुनाव अधिकारी ( डीईओ ) से विशेष अनुमति लेनी होगी. ऐसी चीजें ले जाने वाले लोगों और वे जो चीजें ले जा रहे हैं, दोनों की अच्छी तरह से तलाशी ली जाएगी. इस बीच, पश्चिम बंगाल के सीईओ ने 29 अप्रैल को होने वाले चुनावों के दूसरे चरण के लिए मतदाताओं से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में पोलिंग बूथों पर आकर अपना वोट डालें. सीईओ ने कहा कि मैं आपको आपकी सुरक्षा का भरोसा दिलाता हूं. इसलिए, बड़ी संख्या में आकर अपना वोट डालें. यह सुनिश्चित करें कि मतदान की दर 90 प्रतिशत से ज्यादा हो, जैसा कि पहले चरण में थी. यह आपका संवैधानिक अधिकार है.




# अहमदाबाद मण्डल की बड़ी कामयाबी

## आरपीएफ द्वारा कुशल कार्रवाई के तहत आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई. 27 अप्रैल.** पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है. सवारी गाड़ी संख्या 22966 में महिला यात्री का कीमती सामान चोरी करने वाले एक आरोपी को रेलवे सुरक्षा बल द्वारा तत्परता एवं कुशल कार्रवाई के तहत गिरफ्तार किया गया है.

आरपीएफ कंट्रोल/अहमदाबाद से प्राप्त रेल मदद रेफरेंस नंबर 2026042601185 के आधार पर एक महिला यात्री द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई, जिसमें उन्होंने आबू रोड से अहमदाबाद के मध्य एस/4 कोच की सीट संख्या 01 से ह्यअपना काला लेडीज पर्स चोरी होने की सूचना दी. पर्स में 02 हाथ घड़ियाँ, 03 मोबाइल फोन तथा लगभग 3000/- मूल्य के चाँदी के घुंघरू थे। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में निरीक्षक अहमदाबाद के नेतृत्व में गठित सीपीडीएस टीम (एएसआई मान सिंह, सीटी अनिल कुमार एवं सीटी राम अवतार स्वामी) द्वारा गुप्त निगरानी के दौरान सवारी गाड़ी संख्या 22939 ओखा-बिलासपुर एक्सप्रेस के जनरल कोच से एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम समीर खान (पुत्र अफजल खान पठान), उम्र 24 वर्ष, निवासी फूलबाड़ी, सूरत बताया। उसने स्वीकार किया कि उसने महेसाणा स्टेशन के आसपास ट्रेन संख्या 22966 के एस /4 कोच से उक्त चोरी की घटना को अंजाम दिया.



## ईडी ने की 127 .69 करोड़ रिफंड दिलाने में मदद

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल ( वार्ता )** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोलकाता कार्यालय ने एसेट डिस्पोजल कमेटी (एडीसी) के साथ मिलकर रोज वैली ग्रुप घोटाले के पीड़ितों को मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाते हुए 1,73,350 पीड़ितों को 127.69 करोड़ रुपये जारी किये हैं। रोज वैली ग्रुप ने पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा और अन्य राज्यों के निवेशकों से अधिक मुनाफे का वादा करके धोखाधड़ी से लगभग 17,520 करोड़ रुपये जुटाये थे, जिसमें से 6,666 करोड़ रुपये निवेशकों को अभी भी नहीं लौटाये गये हैं।

**समृद्धि** ▶ श्रीनगर में किसानों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं से भी मिलेंगे केंद्रीय मंत्री

# कश्मीर को विकास की बड़ी सौगात देंगे शिवराज

**नई दिल्ली/श्रीनगर, 27 अप्रैल.** जम्मू-कश्मीर में विकास की नई इबारत लिखने की दिशा में एक अहम पड़ाव कल देखने को मिलेगा, जब केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान श्रीनगर के एसकेआईसीसी में आयोजित विशेष कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई)-IV बैच-II को लांच करेंगे.

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री चौहान 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए केंद्र के हिस्से की राशि 4568.23 करोड़ रुपए जारी कर ग्रामीण आजीविका अभियान को नई गति देंगे. इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री श्री उमर अब्दुल्ला, उपमुख्यमंत्री श्री सुरिंदर कुमार चौधरी तथा अन्य वरिष्ठ गणमान्य भी उपस्थित रहेंगे, जिससे यह कार्यक्रम केवल प्रशासनिक आयोजन नहीं बल्कि विकास के साझा संकल्प का बड़ा सार्वजनिक मंच बन जाएगा. जम्मू-कश्मीर में वर्ष 2000 से अब तक पीएमजीएसवाई के अंतर्गत 3,328 सड़कों का निर्माण, 19,851 किलोमीटर सड़क नेटवर्क का सृजन और 257 पुलों का निर्माण हो चुका है. अब पीएमजीएसवाई-IV बैच-II के अंतर्गत 330 नई सड़कों, 1,600 किलोमीटर सड़क लंबाई, 3,550 करोड़ रुपये के परियोजना मूल्य और 363 बस्तियों को लाभ पहुंचाने वाली योजना क्षेत्रीय विकास को नई ऊंचाई देने जा रही है.



### ▶ मोदी सरकार ठोस रणनीति पर काम कर रही

चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में यह पहल स्पष्ट करती है कि मोदी सरकार जम्मू-कश्मीर में विकास को केवल घोषणा तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि गांवों तक सड़क, सेवा, सुविधा और सम्मान पहुंचाने की ठोस रणनीति पर काम कर रही है। राजनीतिक दृष्टि से भी यह संदेश महत्वपूर्ण है कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर को राष्ट्रीय विकासधारा में और अधिक मजबूती से जोड़ने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर को परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम मान रही है. शिवराज सिंह के दौरे का फोकस केवल सड़क निर्माण तक सीमित नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, महिला स्व-सहायता समूहों और सामाजिक सशक्तिकरण तक फैला हुआ है।